# कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमंडल, रामगढ़।

(रांची रोड नियर बी.आर.एल. गेट, पो0—मरार, जिला—रामगढ़ पिन—829117)
Email id – dfo-ramgarh@gov.in

पत्रांकः—383 दिनांकः— 22/2/2022

सेवा में,

E-mail Receipt
Sl. No 3837
Dated 22/2/2022
Signature

परियोजना निदेशक,
एन0एच0ए0आई0, पी0आई0यू0,
धनबाद।

विषय :— भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत—21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः— आपका पत्रांक—1469 दिनांक 22.12.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत—21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित त्रुटियाँ/कमियाँ पाई गई हैः—

1. प्रस्ताव के साथ अपयोजित की जाने वाली भूमि का Land Schedule संबंधित अंचलाधिकारी से सत्यापित नहीं किया गया है। अतः Land Schedule संबंधित अंचल अधिकारी से सत्यापित कर समर्पित करें।
2. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होने वाली वन भूमि का रकबा एवं पूर्व में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा सत्यापित रकबा में भिन्नता है। अतः सुधार कर प्रस्ताव समर्पित करें।
3. प्रस्ताव में पथ निर्माण में पड़ने वाले ROW का सम्पूर्ण Land Schedule समर्पित करें ताकि यह स्पष्ट हो पाये कि कितनी भूमि deemed forest के अन्तर्गत अवस्थित है।
4. प्रस्ताव में पथ निर्माण के अन्तर्गत अवस्थित सभी मौजा का Cadastral Map उसके ROW को दर्शाते हुए समर्पित करें ताकि अपयोजित होने वाली वन भूमि का सही आवकल किया जा सके।
5. प्रस्ताव के साथ अपयोजित की जाने राजस्व अभिलेख में जंगल झाड़ी दर्ज भूमि का अनापति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
6. प्रस्ताव के साथ अपयोजित की जाने वाली भूमि का FRA प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
7. प्रस्ताव के साथ संलग्न Cost Benefit Analysis में वन भूमि के NPV दर की गणना पूराने NPV दर पर की गई है, जिसे संशोधित कर समर्पित किया जाय।
8. प्रस्ताव के साथ Component wise land use breakup का विवरणी संलग्न नहीं किया गया है।
9. प्रस्ताव के साथ संलग्न Toposheet Map में रेखांकित मार्ग को नहीं दर्शाया गया है।

Already submitted

10. प्रस्ताव के साथ संलग्न Geo-reference Map में रेखांकित मार्ग का Index नहीं तैयार किया गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि मानचित्र पर वन भूमि कहाँ अवस्थित है।

11. प्रस्ताव के साथ क्षतिपूरक वनरोपण के खर्च की राशि का भुगतान, एन0पी0भी0 का भुगतान, Use of barest minimum of forest land, any other condition stipulated by the State Government/Department का सहमति पत्र संलग्न नहीं किया गया है।

12. परिवेश पोर्टल पर प्रस्ताव से संबंधित KML का एरिया प्रस्तावित एरिया से भिन्न है।

13. प्रस्ताव का ऑफलाईन पार्ट–1 भरकर परिवेश पोर्टल पर Additional Document में अपलोड किया जाय एवं प्रस्ताव के साथ भी संलग्न किया जाय। (Part-I की copy संलग्न)

Letter 14. चुंकि प्रस्तावित पथ पर हाथियों तथा अन्य वन्य जीवों के आवागमन का मार्ग कई जगहों पर पड़ता है अतः Wildlife management plan प्रस्ताव के साथ समर्पित किया जाना आवश्यक है।

talk to DP 15. प्रस्ताव के साथ संलग्न Authorization letter नामित व्यक्ति का हस्ताक्षर प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किया गया है।

16. प्रस्ताव के साथ प्रस्ताव समर्पित करने का Acknowledgement Slip संलग्न नहीं है।

17. प्रस्ताव के साथ चेकलिस्ट संलग्न नहीं है। इसके अतिरिक्त प्रस्ताव में संलग्न अभिलेख पर पृष्टांकन नहीं किया गया है।

18. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होने वाली भूमि पर अवस्थित वृक्षों की संयुक्त गणना सूची संलग्न नहीं है।

19. परिवेश पोर्टल पर आपके द्वारा एक ही नाम का दो प्रस्ताव समर्पित है। प्रस्ताव संख्या– FP/JH/ROAD/145456/2021 जो 34.8258 हे0 अतिरिक्त प्रस्ताव है, जिससे confusion create हो रहा है। अतः एक ही परियोजना से संबंधित duplicate प्रस्ताव को Parivesh Portal से delete किया जाय।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त त्रुटियों/कमियों का निराकरण करते हुए संशोधित प्रस्ताव 09 प्रतियों में इस कार्यालय में अविलम्ब समर्पित किया जाय।

आपका विश्वासी,

(signature) 2022

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
रामगढ़।

D:\Mukesh Mishra\Shashi Dubey\FC ...

# कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमंडल, रामगढ़।

(रांची रोड नियर बी.आर.एल. गेट, पो0—मरार, जिला—रामगढ़ पिन—829117)

Email id – dfo-ramgarh@gov.in


पत्रांकः— 820 दिनांकः— 12/4/22

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
एन0एच0ए0आई0, पी0आई0यू0,
धनबाद।

12/
12/4/22

**विषय :—** **भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत—21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

**प्रसंगः—** **इस कार्यालय का पत्रांक— 383 दिनांक 22.02.2022 एवं आपका पत्रांक—67 दिनांक 09.04.2022**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत—21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं समीक्षोपरान्त इस कार्यालय के प्रसंगाधीन पत्र द्वारा पाई गई कमियों/त्रुटियों के निराकरण हेतु निदेशित किया गया था। आपके द्वारा समर्पित निराकरण प्रतिवेदन में निम्नलिखित त्रुटियाँ है, जो निम्नवत् हैः—

1. Authenticated Land Schedule का Undertaking समर्पित किया गया है, जबकि परियोजना में प्रस्तावित स्थल की भूमि विवरणी प्रस्ताव के लिए अनिवार्य है।
2. गैर मजरूआ जंगल—झाड़ी भूमि का संबंधित उपायुक्त द्वारा निर्गत अनापति प्रमाण समर्पित किया जाना अनिवार्य है, जबकि आपके द्वारा Undertaking समर्पित किया गया है।
3. प्रस्तावित भूमि पर अवस्थित वृक्षों की गणना सूची समर्पित नहीं किया गया है, जो कि प्रस्ताव के साथ समर्पित करना अनिवार्य है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त त्रुटियों/कमियों का निराकरण करते हुए संशोधित प्रस्ताव 09 प्रतियों में इस कार्यालय में अविलम्ब समर्पित किया जाय ताकि यथोचित अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

to n/a
Sartay/Shailendra
12.4.22

आपका विश्वासी,

12/4/22

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
रामगढ़ 12/4/22

12/4/22

# कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमंडल, रामगढ़।

(रांची रोड नियर बी.आर.एल. गेट, पो0—मरार, जिला—रामगढ़ पिन—829117)

Email id – dfo-ramgarh@gov.in

पत्रांकः— 2233 दिनांकः— 24/11/22

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
धनबाद।

विषय :— **भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत—21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत— 21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव की हार्ड प्रतियाँ इस कार्यालय में समर्पित की गई है। प्राप्त प्रस्ताव के समीक्षोपरान्त निम्नलिखित त्रुटियाँ पाई गई हैः—

1. मौजा—बोंगई, थाना संख्या— 138, प्लॉट संख्या—1622, रकबा—10.50 एकड़, प्लॉट संख्या—1624, रकबा— 8.00 एकड़, कुल रकबा— 18.50 एकड़ अधिसूचित वन भूमि परियोजना अन्तर्गत सन्निहित है परन्तु आपके द्वारा उपर्युक्त भूमि प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया है।
2. मौजा—पांचा, थाना संख्या—139, प्लॉट संख्या— 439, रकबा— 1.20 एकड़ अधिसूचित वन भूमि परियोजना अन्तर्गत सन्निहित है परन्तु आपके द्वारा उपर्युक्त भूमि प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया है।

अतः विषयगत प्रस्ताव की हार्ड प्रतियाँ मूल रूप में इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त त्रुटियों का निराकरण करते हुए त्रुटिरहित प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि यथोचित अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

अनुलग्नकः— यथोक्त।

आपका विश्वासी

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
रामगढ़। 24/11/22

24/11/22